# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः01.12.2025

**थाना चुनार पुलिस द्वारा बोलेरो सवार 03 अभियुक्त 38 ग्राम हेरोइन(अनुमानित कीमत ₹ 7.5 लाख) के साथ गिरफ्तार—**

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः30.11.2025 को उप-निरीक्षक कुमार संतोष मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत मेडिया तिराहे के पास से बोलेरो सवार 03 अभियुक्तों 1.अरुण पुत्र शिवलाल निवासी रेनू सागर मोड़ ककरी थाना अनपरा जनपद सोनभद्र, 2.बबलू पुत्र कामेश्वर व 3.अरविन्द पुत्र मंगल निवासीगण ककरी मोड़ थाना अनपरा जनपद सोनभद्र को क्रमशः 15 ग्राम, 12 ग्राम व 11 ग्राम हेरोइन (कुल 38 ग्राम हेरोइन अनुमानित कीमत ₹ 7.5 लाख) के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चुनार पर मु0अ0सं0-566/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया तथा मौके से बरामद बोलेरो अंकित वाहन संख्याःUP64AS3747 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —**

1.अरुण पुत्र शिवलाल निवासी रेनू सागर मोड़ ककरी थाना अनपरा जनपद सोनभद्र, उम्र करीब-22 वर्ष।

2.बबलू पुत्र कामेश्वर निवासी ककरी मोड़ थाना अनपरा जनपद सोनभद्र, उम्र करीब-24 वर्ष।

3.अरविन्द पुत्र मंगल निवासी ककरी मोड़ थाना अनपरा जनपद सोनभद्र, उम्र करीब-24 वर्ष।

**विवरण बरामदगी —**

कुल 38 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत ₹ 7.5 लाख)

बोलेरो अंकित वाहन संख्याःUP64AS3747

**पंजीकृत अभियोग —**

मु0अ0सं0-566/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —**

मेडिया तिराहे के पास से, दिनांकः30.11.2025 को समय 22:15 बजे।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —**

उप-निरीक्षक कुमार संतोष थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

मुख्य आरक्षी धनन्जय राय, विनय राय व विमलेश सिंह।



*******